भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
पशुपालन और डेयरी विभाग
लोकसभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 4000
दिनांक 25 मार्च, 2025 के लिए प्रश्न

पशु कल्याण संबंधी जागरूकता

4000. श्रीमती पूनमबेन माडमः
श्री शंकर लालवानीः

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पशुपालन और पशु कल्याण संबंधी जागरूकता के उत्सव के एक भाग के रूप में शुरू की जाने वाली पहलों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या पशु चिकित्सकों और पशुओं की देखभाल करने वालों के लिए कोई प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यशालाएं आयोजित की जाती हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या पशुपालन और कल्याणकारी पहलों को सहायता प्रदान करने के लिए किन्हीं वित्तीय प्रोत्साहनों अथवा राजसहायता की योजना बनाई गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री
(प्रो. एस. पी. सिंह बघेल)

(क) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 246(3) के अनुसार पशुपालन और पशु कल्याण राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। भारत सरकार के पशुपालन और डेयरी विभाग ने दिनांक 14 जनवरी से 13 मार्च तक पशुपालन और पशु कल्याण जागरूकता माह के रूप में नामित किया है। इस अवधि के दौरान, स्वास्थ्य शिविरों, टीकाकरण अभियान और जागरूकता पहलों सहित विभिन्न पशुपालन विकास कार्यक्रमों और कल्याण कार्यकलापों को शामिल करते हुए एक गहन अभियान चलाया जाएगा। राज्य सरकारों, पशु कल्याण संगठनों और गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) को कार्यशालाएं, ऑनलाइन वेबिनार, स्वास्थ्य शिविर, जागरूकता कार्यक्रम (गोष्ठी), पशुधन मेले और सर्वश्रेष्ठ दूध उत्पादन पुरस्कार, पशु शो जैसी प्रतियोगिताएं और पशु कल्याण और पालन-पोषण विषयों पर स्कूल और कॉलेज के छात्रों हेतु प्रतियोगिताएं आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। पशु कल्याण में लगी गौशालाओं और एनजीओ के लिए भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इस वर्ष यह अभियान दिनांक 14 जनवरी से 13 मार्च 2025 तक चलाया गया, जिसके दौरान विभिन्न राज्यों द्वारा 658 स्वास्थ्य जांच शिविर, 632 बांझपन शिविर, 554 जागरूकता शिविर/गोष्ठी, 397 टीकाकरण शिविर, 115 कार्यशालाएं, गौशालाओं के लिए 122 कार्यक्रम, स्कूलों और कॉलेजों में 97 प्रतियोगिताएं, 37 बछड़े और बछड़ियों की रैलियां, 35 पशुधन मेले, 30 दूध प्रतियोगिताएं/शुद्ध नस्ल प्रतियोगिताएं, 16 ऑनलाइन वेबिनार, 9 रेडियो और टीवी कार्यक्रम तथा 418 अन्य कार्यकलाप संचालित किए गए। राष्ट्रीय स्तर पर भारत सरकार के पशुपालन और डेयरी विभाग ने पशु चिकित्सकों, पैरा-पशु चिकित्सकों, पशुपालकों, राज्य पशुपालन विभागों और राज्य जीव-जंतु कल्याण बोर्डों को जोड़ते हुए एक ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया।

(ख) जागरूकता माह के एक भाग के रूप में, राज्य सरकारों को सलाह दी गई कि वे निर्दिष्ट माह के दौरान आवश्यकतानुसार पशु चिकित्सकों और पशु देखभालकर्ताओं के लिए क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण कार्यकलाप आयोजित करें।

(ग) राज्य सरकार राष्ट्रीय पशुधन मिशन, राष्ट्रीय गोकुल मिशन और पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण योजनाओं जैसी मौजूदा केंद्र सरकार की योजनाओं के तहत वित्त पोषण प्राप्त कर सकती है।

****